Statewide Parent Advocacy Network

स्टेटवाइडपेरेंटएड्वोकेसी नेटवर्क
३५ हैल्सीस्ट्रीट, चौथी मंजिल, नेवार्क, न्यू जर्सी ०७१०२
फोन: ९७३-६४२-८१०० (973-642-8100)
फैक्स: ९७३-६४२-८०८० (973-642-8080)
टोलफ्री: १-८००-६५४- SPAN/ (1-800-654-SPAN)
इमेल : span@spannj.org

*सशक्त परिवार: शिक्षित,प्रवृत्त, प्रभावी!*

# युवा वयस्कों के लिए बीमा विकल्प

कई परिवार अपने बड़े हो रहे बच्चों के लिए स्वास्थ्य बीमा के विकल्पों के बारे में सोच रहे हैं। कई उपलब्ध विकल्प हैं जैसे उनके माता-पिता की बीमा योजना पर जारी व्याप्ति, मेडिकेड /मेडिकैर, कॉलेज की योजनाएं, या योग्य स्वास्थ्य योजनाएं जिनमें मार्केटप्लेसपर "आपातपूर्ण" योजनाओं का समावेश हो सकता है । इस तथ्यपत्र में प्रत्येक विकल्प का वर्णन दिया गया है ताकि परिवार अपने युवा / युवा वयस्कों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सबसे अच्छी योजना चुन सकें । कृपया ध्यान दें कि अक्षम बच्चे एक से अधिक योजना में शामिल किए जा सकते हैं, जिसमें सार्वजनिक एवं निजी व्याप्ति शामिल हैं।

**माता पिता की योजना पर जारी व्याप्ति**: अफ़ोर्डेबलकैरएक्ट (ए.सी.ए) (Affordable Care Act- ACA) के अन्तर्गत माता-पिता अपने वयस्क बच्चों को अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना पर बच्चे की २६ वर्ष की आयु तक रख सकते हैं, चाहे वयस्क बच्चा माता पिता के साथ घर में नहीं रहता हो, या शादी-शुदा हो, जब तक कि वह वयस्क बच्चा अपनी सेवा-योजना से बीमा व्याप्ति नहीं पा रहा हो।

न्यू-जर्सी में आश्रितों की व्याप्ति ३१ वर्ष तक जारी रहती है, यदि युवा वयस्क अविवाहित है, और माता पिता के साथ घर में रहता हो। यदि बच्चे को विकासात्मक अक्षमता है, तो माता-पिता जब तक कार्यरत हो, बच्चे की उम्र की परवाह न करते हुए, अनिश्चित काल तक अपने युवा वयस्क बच्चे को अपनी सेवा योजना के "विकलांग आश्रित प्रावधान" के अंतर्गत व्याप्त रख सकते हैं। ध्यान रहे कि बच्चे की उम्र १८वर्ष होने से पहले ही यह सुविधा लागू करनी चाहिए, क्योंकि यह सुविधा एक बार खो दी गई तो पुनर्स्थापित नहीं की जा सकता है। बच्चे की उम्र १८ वर्ष की होने से पहले ही माता-पिता को इस फ़ॉर्म के विषय में अपने मानव संसाधन विभाग से पूछना चाहिए।

**लोक योजनाएं**: मेडिकेड कम आय या अक्षम लोगों को व्याप्त करता है। न्यू जर्सी में मेडिकेड और पूरक सुरक्षा आय (एसएसआई नकद लाभ) दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं जिस वजह से बच्चे की पात्रता दोनों के लिए बनी रहती है। १८ साल से कम की उम्र तक पात्रता पारिवारिक आय पर निर्भर करती है। १८ साल की उम्र के बाद यह केवल वयस्क बच्चे की आय पर आधारित है। हाल ही में १९-६४ वर्ष के न्यू जर्सी निवासियों के लिए मेडिकेड का विस्तार किया गया था। एक संभावना मेडिकेड संबंधी छूट की भी है (मेडिकेड की पात्रता चिकित्सा स्थिति पर आधारित है चाहे आय भले ही ठेठ मेडिकेड पात्रता की तुलना में अधिक हो)। पात्रता की जटिलता की वजह से परिवार विशेष बाल स्वास्थ्य सेवाएं, मेडीकेड हॉटलाइन, मेडीकैर सहायता उपभोक्ता केंद्र (नीचे सहायक संपर्क देखें) से संपर्क कर सकते हैं । मेडीकैर ६५ वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को तथा ६५ की उम्र से कम वाले कुछ अक्षम व्यक्तियों को सेवा व्याप्त है। उदाहरण के तौर पर मेडीकैर बच्चों और उन वयस्कों को सेवा व्याप्त करता है जिन्हें डायलिसिस या गुर्दा प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। यदि माता-पिता अक्षम है, सेवानिवृत्त है, या दिवंगत है और यदि २२ वर्ष से पूर्व ही बच्चा अक्षम हो जाता है, तो वह भी मेडीकैर का पात्र बन जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चा अक्षम वयस्क बच्चा (डिसएबल्ड एडल्ट चाइल्ड- डीएसी) माना जाता है ।

**लाभ के समन्वय पर एक विशेष टिप्पणी** : जैसे कि ऊपर उल्लेख किया गया है, एक बच्चा निजी नियोक्ता योजना के साथ साथ मेडिकेड और/या मेडीकैर का भी पात्र हो सकता है।
यदि बच्चे को विशेष जरूरतें है, तो यथासंभव व्याप्ति लेनाआवश्यक है। यदि बच्चे के पास एक से अधिक की योजना है, तो यह ज़रूरी है कि डॉक्टर और दवाओं की दुकानें सभी योजनाओं को बिल करें ताकि परिवारों को कम लागत लगे। यदि कोई डॉक्टर मेडीकैर नहीं स्वीकारता/ती है, तो वह बिल के साथ अपने 'मेडीकैर ऑप्ट आउट' पत्र निजी बीमा कंपनी को भेज सकते हैं; अन्यथा परिवार दावा दर्ज कर सकते हैं। यदि डॉक्टर मेडिकेड नहीं स्वीकारता/ती है और बच्चे के पास जो प्राथमिक निजी योजना है, डॉक्टर ऑफिस योजना प्रदाता को फोन करके यह पता लगा सकते हैं, कि 'आउट ऑफ़नॅट्वर्क' को कैसे अप्रधान बिल किया जा सकता है। यदि स्वास्थ्य प्रदाता सार्वजनिक बीमा (मेडीकैर/मेडीकैर) स्वीकृत नहीं  करता/ती है, तो भी जिन परिवारों के पास निजी एवं सार्वजनिक दोनों प्रकार की स्वास्थ्य बीमा योजना है, वे प्रदाता के बिलिंग विभाग से सभी योजनाओं का समन्वय करने का निवेदन कर सकते हैं । इससे प्रदाता के लिए अधिकतम प्रतिपूर्ति हो सकती है, और साथ ही में परिवारों के लिए लागत कम होगी।

**मार्केटप्लेस योजनाएं:** निजी बीमा योग्य स्वास्थ्य योजनाएं (क्वालिफ़ाइड़हेल्थप्लैन्स - क्यू- एच-पी)(QHPs) अफ़ोर्डेबलकैरएक्ट (ए.सी.ए)अन्तर्गतविनिमय या "मार्केटप्लेस" पर उपलब्ध हैं। परिवारों को योजनाओं की लागत, विसिट के प्रति सह भुगतान/को-पे (co-pay), अपनी जेब से लागत (out of pocket costs), वित्तीय मदद, और नॅटवर्क के बाहर की लागत को योजना की लागत (यदि अलग हो तो)  तुलना करने की आवश्यकता है ।ऑन लाइन, टेलीफोन, या वैयक्तिक रूप से मार्केटप्लेस की प्रक्रिया आपको केवल एक ही योजना (उदाहरण स्वरूप मेडिकेड या क्यू- एच-पी)  का चयन करने देगी। कुछ आपातपूर्ण योजनाएं भी उपलब्ध हैं, जो कि विषेश आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए अनुशंसित नहीं है, क्योंकि ये योजनाएं केवल साँचे समान योजनाएं हैं और इनकी व्याप्ति सर्वोत्तम नहीं है।
बढ़ते उम्र के बच्चों वाले  परिवारों के पास अब अनेक प्रकार के विकल्प उपलब्ध हैं । माता-पिता अपने विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए सर्वोत्तम व्याप्ति का चयन कर सकते हैं ।

## संसाधन

न्यू जर्सी आश्रित व्याप्ति (न्यू जर्सी डिपेंडेंटकवरेज)
http://www.state.nj.us/dobi/division_consumers/du31.html

मेडिकेड
www.njfamilycare.orgया स्पैनिशhttp://www.njfamilycare.org/docs/facts_spanish.pdf.

मेडीकैर

- पात्रता-सामाजिक सुरक्षा प्रशासन (एलिजिबिलिटी- सोशियलसेक्युरिटीएडमिनिस्ट्रेशन)
  www.ssa.gov/pubs/EN-05-10026.pdfया स्पैनिश
  www.ssa.gov/pubs/ES-05-10926.pdf

- दावा दर्ज करने का फॉर्म (क्लेमफॉर्म)(भले ही डॉक्टर भाग न ले)
  www.cms.gov/Medicare/CMS-Forms/CMS-Forms/Downloads/CMS1490S-ENGLISH.pdf
  स्पैनिशwww.cms.gov/Medicare/CMS-Forms/CMS-Forms/Downloads/CMS1490S-Spanish.pdf

मार्केटप्लेस योजनाएं(स्पैनिशपर भी क्लिक करें)

- ❖ क्वालिफ़ाइड़हेल्थप्लैन्स - क्यू- एच-पी)(QHPs)-लागत की तुलना https://www.healthcare.gov/how-much-will-marketplace-insurance-cost/
- ❖ कॉलेज और आपातपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी https://www.healthcare.gov/if-i-m-a-college-student-what-do-i-need-to-know-about-the-marketplace/

लाभ का समन्वय (जब आपके पास मेडिकेड और अन्य बीमा योजना हो)
www.nj.gov/humanservices/dmahs/home/Medicaid_TPL_Coverage_Guide.pdf

**<u>सहायक संपर्क:</u>**

- ➢ मार्केटप्लेस/(Healthcare.gov) प्रश्न
https://www.healthcare.gov/how-do-i-get-help-enrolling-in-the-marketplace/
- ➢ मेडिकेड हॉटलाइन (१-८००-३५६-१५६१ 1-800-356-1561)
- ➢ चिकित्सा सहायता उपभोक्ता केंद्र (मेडिकेड) http://www.state.nj.us/humanservices/dmahs/info/resources/macc/
- ➢ मेडीकैर राज्य के स्वास्थ्य बीमा सहायता कार्यक्रम सलाहकार http://www.state.nj.us/humanservices/doas/home/sashipsite.html
- ➢ विशेष बाल स्वास्थ्य सेवाएं (२१ साल की उम्र तक) http://www.nj.gov/health/fhs/sch/sccase.shtml
- ➢ राज्यव्यापीअभिभावक हिमायती मंडलीwww.spanadvocacy.orgया१-८००-६५४-SPAN (800) 654-SPAN